# टोल पर फायरिंग कर रंगदारी मांगने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

## घटना के बाद से फरार चल रहे थे, एसपी ने दोनों पर ईनाम घोषित किया था

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर जिले के टोल प्लाजा चिलाचौंद पर फायरिंग कर दहशत फैलाने, हत्या का प्रयास करने और 50 हजार रुपये महीना रंगदारी मांगने वाले दो ईनामी बदमाशों को आंगई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके द्वारा धौलपुर जिले के चिलाचौंद टोल प्लाजा पर टोल का भुगतान नहीं किया गया। साथ ही टोल कर्मियों से झगड़ा किया और दहशत फैलाने फैलाकर जान से मारने की नीयत से अवैध देशी कट्टे फायरिंग भी की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धौलपुर ने दोनों की गिरफ्तारी पर ईनाम घोषित कर दिया।

थाना प्रभारी रामावतार मीणा ने बताया कि कार्रवाई करते हुए श्यामवीर पुत्र सोहन सिंह मीणा निवासी कुमरपुरा थाना सरमथुरा और कमल मीणा पुत्र मनरूप मीणा निवासी सुनीपुर थाना बाड़ी सदर को गिरफ्तार किया है, जिनमें बदमाश श्यामवीर मीणा पर 15 हजार रुपये और कमल मीणा 10 हजार रुपये का ईनाम घोषित है। इस दोनों बदमाशों की गिरफ्तारी में कांस्टेबल मनोज और अर्जुन सिंह की विशेष भूमिका रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों बदमाशों को गांव बटीकरा के सिद्ध बाबा मंदिर के पास बीहड में से धर दबोचा है। साथ ही उनके कब्जे से वारदात में प्रयोग ली गई एक बिना नम्बरी मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है। इसके साथ ही इनसे जब्त किए गए अवैध देशी कट्टा व कारतूसों के बारे में एवं उनके अन्य साथियों व हथियार की खरीद फरोख्त के संबन्ध में पूछताछ की जा रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि गत 30 जून को गौरीशंकर पुत्र ओमप्रकाश जाट निवासी वी. पी.ओ 12 एम. एल. डी. बडसाना श्रीगंगानगर हाल टोल मैनेजर चिलाचौंद टोल प्लाजा थाना आंगई ने एक रिपोर्ट दी थी, जिसमें उसने बताया कि 29 जून की रात्रि को एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने टोल पर फायरिंग की और 50 हजार रुपये की रंगदारी देने की धमकी दी। मना करने पर अवैध हथियार से फायरिंग की और दहशत फैलाई, जिसमें टोल मैनेजर बाल बाल बच गया।



**टोल प्लाजा पर फायरिंग कर दहशत फैलाने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।**

# बोडीगामा बड़ा में क्वाट्र्ज पत्थरों का अवैध खनन पकड़ा

## खनन विभाग की टीम के आते ही खनन माफिया हिटाची मशीन को छिपाकर भाग गए

**डूंगरपुर, (निसं)।** सलूंबर से खनन विभाग की टीम आधी रात को अवैध खनन वाली जगह पर पहुंची। मौके पर खनन विभाग ने एक हिटाची मशीन पकड़ी। वहीं एक पहाड़ी को अवैध रूप से खनन कर क्वाट्र्ज पत्थरों को निकाला हुआ बरामद किया।

साबला थाना क्षेत्र के बोडीगामा बड़ा में बोडीगामा डेम के पास क्वाट्र्ज पत्थरों के अवैध खनन के खिलाफ पांच दिन में दूसरी बार कार्रवाई की गई। सलूंबर से खनन विभाग की टीम आधी रात को अवैध खनन वाली जगह पर पहुंची। मौके पर खनन विभाग ने एक हिटाची मशीन पकड़ी। वहीं एक पहाड़ी को अवैध रूप से खनन कर क्वाट्र्ज पत्थरों को निकाला हुआ बरामद किया। आधी रात को कार्रवाई को लेकर खनन विभाग ने साबला थाना पुलिस से मदद मांगी, लेकिन न तो पुलिस मौके पर पहुंची और न ही कोई मदद की है। ऐसे में रातभर खनन विभाग की टीम मौके पर ही तैनात रही। खनन विभाग ने जुर्माना भी लगाया है।

साबला थाना क्षेत्र के बोडीगामा बड़ा गांव में बोडीगामा डेम के पास

- **आधी रात को पहुंची खनन विभाग की टीम, बुलाने पर भी मौके पर पुलिस नहीं पहुंची**

ही एक पहाडी को खोदकर अवैध रूप से क्वाट्र्ज पत्थरों का खनन किया जा रहा है। इसे लेकर खनन विभाग के पास लगातार शिकायत पर 1 जुलाई को खनन विभाग ने मौके से एक जेसीबी पकड़ी थी। खनन विभाग ने ढाई लाख का जुर्माना वसूला था, लेकिन कार्रवाई के पांच दिन बाद ही खनन माफिया फिर से उसी जगह पर अवैध खनन करने लगे। माइनिंग विभाग को दोबारा मिली शिकायत पर सलूंबर से माइनिंग विभाग के फोरमैन गोपाल डांगी हथियारबंद जवान के साथ बोडीगामा डेम के पास पहुंचे। रात के अंधेरे में डेम के पास पहाड़ी पर हिटाची मशीन लगाकर क्वाट्र्ज पत्थरों का खनन किया जा रहा था। वहीं खनन विभाग की टीम के आते ही खनन माफिया हिटाची मशीन को पास के ही झाड़ियों में छिपाकर भाग गए। कीचड़ और गड्ढों के बीच खनन विभाग की टीम मुश्किल से मौके पर पहुंची। अंधेरे में मोबाइल टॉर्च की रोशनी में खनन विभाग ने पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया। वहीं अंधेरा होने के साथ ही खनन माफियाओं के डर से माइनिंग अधिकारियों ने साबला थाना पुलिस ने मदद मांगी। इसके लिए पुलिस का एक जाब्ता मौके पर भेजने के लिए कहा, लेकिन पुलिस ने न तो मौके पर टीम भेजी और न ही किसी तरह की सुरक्षा मुहैया करवाई।

रातभर खनन विभाग को टीम गाड़ी में बैठी रही। वहीं सुबह होने पर खनन विभाग ने हिटाची मशीन को जब्त कर थाने पर रखवाने के लिए पुलिस से मदद मांगी, लेकिन इस बार भी पुलिस का बर्ताव नहीं बदला। खनन अधिकारियों ने बताया कि 5 दिन में दूसरी बार अवैध खनन किया जा रहा था। जिस पर रिपोर्ट देने गए। लेकिन हिताची मशीन जब्त करने से लेकर रिपोर्ट तक में पुलिस पल्ला झाड़ती रही। इसमें बाद खनन अधिकारियों ने मामले में 1 लाख 87 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

## पथराव करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवड़ा थाना पुलिस ने वाहनों पर पथराव करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर दो बाल अपचारियों को डिटेन किया है। आरोपियों ने चितरेटी घाटी में लूट के इरादे से वाहनों पर पथराव किया था, जिसमें एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई थी। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

दोवड़ा थानाधिकारी ने बताया कि 3 जुलाई को लीलवासा निवासी घनश्याम पुत्र नारायण पंचाल ने रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया कि 3 जुलाई को उसकी भतीजी माही पंचाल के बीमार होने पर उसे कार में लेकर घर से निकले थे। इस दौरान रात करीब 11.20 पर चितरेटी घाटी पहुंचे। उस समय बाइक पर चार युवक खड़े थे और उनके हाथों में पत्थर थे। बदमाशो ने कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार नहीं रोकने पर बदमाशों ने पथराव शुरू कर दिया। पथराव में माही के मुंह पर पत्थर लगे जिससे वह गंभीर घायल हो गई।

# राशन डीलर्स की मनमर्जी जनता के लिए परेशानी का सबब बनी

## राशन विक्रेता राशन में दिए जाने वाले गेहूं के साथ अन्य सामग्री भी जबरन उपभोक्ताओं को दे रहे हैं

**अलवर, (निसं)।** अलवर शहर में राशन की दुकानों पर डीलर्स की मनमर्जी गरीब जनता के लिए परेशानी का बन गई है। राशन विक्रेता राशन में दिए जाने वाले गेहूं के साथ अन्य सामग्री भी जबरन उपभोक्ताओं को दे रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं की जेब पर दोहरी मार पड़ रही है। रसद विभाग सब कुछ जानकर भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इससे राशन डीलरों के हौंसले बुलंद हो गए हैं।

शहर के वार्ड नंबर 20 में एक राशन डीलर इन दिनों गेहूं के साथ-साथ जबरन चाय की पत्ती व वॉशिंग पाउडर दे रहे हैं। यहां से राशन ले रहे लोग गरीब वर्ग के हैं जो सरकार का निशुल्क राशन लेने के लिए आते हैं। ऐसे में गेहूं के साथ जबरन सामान लेने पर पैसे चुकाने पड़ रहे हैं। इसी तरह का मामला मूंगस्का में भी सामने आया है। वहां भी एक राशन डीलर इसी शर्त पर लोगों को राशन का गेहूं देता है कि उन्हें चाय की पत्ती व वॉशिंग पाउडर खरीदना पड़ेगा।

शहर के अन्य वार्डों में भी इस तरह की शिकायतें लगातार सामने आ रही है। जिला प्रशासन व रसद विभाग को राशन डीलरों की अनियमितताओं की शिकायत की जा रही है, लेकिन इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसके चलते राजस्थान संपर्क पोर्टल पर भी राशन डीलरों के खिलाफ शिकायत की जा रही है। उपभोक्ता हरीश महावर ने बताया कि राशन डीलर के खिलाफ अतिरिक्त जिला कलेक्टर को शिकायत दी है।

इस संबंध में मानसिंह मीणा, जिला रसद अधिकारी, अलवर का कहना है कि राशन डीलर केवल गेहूं ही बांट सकते हैं। यदि उपभोक्ताओं को जबरन सामान बेच रहा है तो गलत है। राशन डीलर अपनी जेब से चाय की पत्ती व सर्फ नहीं बांट सकते हैं। हमारे पास इस तरह की कोई शिकायत अभी तक नहीं आई है।

## अवैध निर्माण की पांच बिल्डिंग सीज

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर में अनुमति लिए बिना अवैध निर्माण किए जाने के मामले में नगर परिषद ने अभियान चलाकर कार्रवाई की है, जहां शनिवार को पुलिस की टीम के साथ नगर परिषद के अधिकारियों ने अलग-अलग जगह पर पांच दुकानों को सीज किया है।

नगर परिषद धौलपुर के आयुक्त अशोक शर्मा ने बताया कि कलेक्टर बीटी के निर्देश पर धौलपुर जिले में अवैध अतिक्रमण और बिना मंजूरी के बनाए गए 98 स्थान को चिन्हित किया गया है। जिनमें होटल और दुकानें शामिल हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को जिले में अभियान के पहले दिन पांच अवैध बिल्डिंग को सीज किया गया है। आयुक्त ने बताया कि अभियान के पहले दिन जगदीश टॉकीज पर एक, पैलेस रोड पर दो और गौरव पथ पर दो बिल्डिंग को सीज करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि कई जगह बिना अनुमति के दो और तीन मंजिल से अधिक निर्माण कर लिया गया है।

# गंगापुर में हल्की बारिश, लोगों को गर्मी से राहत मिली



**गंगापुर सिटी में बरसात होने से सड़कों पर पानी बहने लगा।**

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** शनिवार को दिनभर धूप खुलने से लोगों को एक बार फिर गर्मी व उमस से परेशान होता देखा गया। शाम छह बजे करीब अचानक मौसम ने पलटा खाया और आसमान काले बादल घिर आ आए जो कि धीरे-धीरे बरसना शुरू हो गए। मौसम में आए बदलाव से दिन में पड़ रही गर्मी से राहत मिली। रविवार को पूरे दिन उमस और गर्मी से परेशान रखा।

शाम को हुई बारिश के बाद लोगों ने तेज गर्मी और उमस से राहत महसूस की। यहां गंगापुर सिटी जिला मुख्यालय सहित सभी उपखण्ड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में बारिश का दौर जारी है। गंगापुर सिटी में पिछले कुछ समय पानी की कमी के चलते जिले के ज्यादातर बांध सूख चुके थे। वहीं पेयजल संकट भी गहराया हुआ था। ऐसे में अब लोगों को मानसून से अच्छी बारिश होने से खासी उम्मीदें है। मौसम केन्द्र जयपुर केन्द्र के अनुसार अगले कुछ दिन में यहां अच्छी बारिश होने के आसार है।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में अशोक लीलैंड कंपनी में कार्यरत एक कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि जबरदस्ती ब्लड डोनेट करवाने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई।

परिजन जीजा लक्ष्मणलाल माली ने बताया कि बलिया खेड़ा निवासी रामलाल (22) पिता देवीलाल माली जो संदीप बजाज चौराहे पर स्थित अशोक लीलैंड कंपनी में कर्मचारी था। शनिवार को कंपनी में ब्लड डोनेशन का आयोजन किया गया था। परिजनों का आरोप है कि कंपनी द्वारा कर्मचारियों पर ब्लड डोनेट करने के लिए जबरदस्ती दबाव बनाया गया। रामलाल के बार-बार मना करने के बावजूद उसका डोनेशन लिया गया, जिसके बाद से उसकी हालत बिगड़ने लगी। साथी कर्मचारी उसे लेकर हॉस्पिटल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने एमजी हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। एमजी हॉस्पिटल में चिकित्सकों ने प्राथमिक परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलने के बाद परिजनों के साथ ही समाजजनों की भीड़ एमजी हॉस्पिटल में जमा हो गई और मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा खड़ा कर दिया। देर शाम तक परिजनों का हंगामा जारी था।

# भीलवाड़ा में हुए सड़क हादसे में डूंगरपुर के युवक की मौत

- **परिजनों ने कार मालिक के घर के बाहर किया प्रदर्शन, मुआवजे की मांग की**
- **कार चलाने के लिए गांव के ही ड्राइवर युवक सुरेंद्र दरोगा को साथ ले गया था कार मालिक**

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के नवलश्याम गांव के एक युवक की भीलवाड़ा के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। परिजन भीलवाड़ा से शव लेकर शनिवार सुबह गांव नवलश्याम पहुंचे, जहां कार मालिक के घर के आगे सड़क पर ही एंबुलेंस को खड़ा कर दिया। परिजनों ने हादसे के लिए कार मालिक को जिम्मेदार मानते हुए आर्थिक सहायता की मांग पर बैठ गए। करीब आधे घंटे तक हंगामे के बाद समझाइश पर मामला शांत हुआ और शव लेकर रवाना हो गए।

बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के नवलश्याम गांव निवासी योगेशचन्द्र कलाल का बेटा कोटा कोचिंग में पढ़ाई करता है। योगेशचंद्र कलाल शुक्रवार सुबह अपने बेटे को मिलने के लिए कोटा जा रहा था। कार चलाने के लिए गांव के ही ड्राइवर युवक सुरेंद्र दरोगा को साथ ले गया। भीलवाड़ा के पास जाते ही उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया। जिसमें योगेशचन्द्र कलाल और ड्राइवर सुरेंद्र दरोगा दोनों गंभीर घायल हो गए। दोनों को भीलवाड़ा अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद सुरेंद्र दरोगा को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की सूचना पर दोनों के परिवार के लोग भीलवाड़ा अस्पताल पहुंच गए। शव को लेकर सुरेंद्र दरोगा के परिवार के लोग शनिवार सुबह नवलश्याम पहुंचे। इसके बाद परिजनों ने एंबुलेंस को योगेशचन्द्र कलाल के घर के सामने ही चौराहे पर खड़ा कर दिया। परिजनों ने मुआवजे की मांग करते हुए हंगामा किया। वहीं कनबा पुलिस चौकी से हेड कांनि. शिशुपाल सिंह और टीम मौके पर पहुंची। एक्सीडेंट में योगशचंद्र कलाल के भी घायल होने से अस्पताल में भर्ती है। वहीं पुलिस ने मामले में समझाइश की। करीब आधे घंटे बाद परिजन माने और एंबुलेंस के साथ शव को लेकर घर के लिए रवाना हो गए।

## ग्रामीण की मौत को हत्या बताते हुये लोगों ने जाम लगाया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** बदनौर थाने के गायत्री नगर में रहने वाले एक ग्रामीण की गुजरात में हुई संदिग्ध मौत को हत्या बताते हुये परिजनों व ग्रामीणों ने बदनौर-भीलवाड़ा मार्ग पर जाम लगा प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके चलते मार्ग पर लम्बा जाम लग गया।

बदनौर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, परा पंचायत के गायत्री नगर गांव का महाराम (43) पुत्र लालू रैगर, ठेकेदार मूलचंद गुर्जर के साथ कुआं खुदाई कार्य के लिए गुजरात गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि ठेकेदार वहीं पोस्टमार्टम कराने के बाद उसका का शव लेकर आज गायत्री नगर आ गया, जहां परिजनों ने महराम की मौत को हत्या बताते हुये शव लेने से इंकार कर बदनौर बायपास स्थित ब्यावर-भीलवाड़ा मार्ग पर जाम लगा दिया। सैकड़ों की संख्या में महिलायें व पुरुष हाइवे पर बैठ गये, जिसके चलते यातायात बाधित हो गया। सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर जाम लगाने वाले ग्रामीणों से समझाइश शुरू की। पुलिस का कहना है कि करीब एक घंटे बाद जाम खुल गया, लेकिन अभी प्रदर्शन कर रहे परिजन व ग्रामीण मौके पर ही जमा हैं और मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

# पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष के साथ मारपीट कर नकदी लूटी

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ थाना पुलिस ने मोहता कॉलेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष के साथ मारपीट कर साढे तीन लाख रुपये छीनकर ले जाने के आरोप के पर्चा बयान पर शुक्रवार रात्रि को मामला दर्ज किया है।

थानाधिकारी पुष्पेंद्र झाझड़िया ने बताया कि सपरा अस्पताल हिसार में उपचाराधीन बिलकुपाल पुत्र हरफूल जाट (30) निवासी लसेडी पीएस राजगढ़ ने पर्चा ब्यान में बताया कि 4 जुलाई को वह राजगढ़ गया हुआ था, जहां से उसने अपने दोस्त कुलदीप पुत्र जयचन्द जाट निवासी राजगढ़ से साढ़े तीन लाख रूपये उधार लिये और राजगढ़ में अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर अपने गांव जा रहा था। रात्रि करीब

- **पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष के पर्चा बयान पर राजगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज किया**

8.30 बजे के आसपास लसेडी टोल नाका पर पहुंचा और अमित पायल को फोन किया कि मैं रूपये लेकर आ गया हूं, आप घर पर आकर रूपये ले जाओ। तब अमित ने कहा कि आप बस स्टेण्ड पर ही रूक जाना मैं अभी थोड़ी ही देर में आ रहा हूं। तब वह रात्रि करीब 8.35 बजे के आसपास पुलिया से आगे स्टेण्ड पर पहुंचा तो उम्मेद मेघवाल अपनी दुकान पर था। तब वह अपनी गाड़ी खड़ी करके उसकी दुकान पर चला गया। वहां पर मंगतु राम उर्फ पवन पुत्र महावीर जाट निवासी लसेडी भी बैठा था तथा वह और मंगतु राम उर्फ पवन बैठकर आपस में बात करने लगे।

मंगतुराम उर्फ पवन माल्टा शराब पी रहा था, तो वहां पर उसने भी आधी बीयर की बोतल पी ली। आरोप है कि इतने में अचानक मंगतुराम उर्फ पवन ने उसे रोककर मारपीट शुरू



**बिलकुपाल पायल को अस्पताल में भर्ती कराया।**

कर दी तथा उसके हाथ में कोई नुकीली चीज थी, फिर उसने अपने हाथ में लिये स्टील के गिलास से उसके हाथो व सीर पर मारना शुरू कर दिया। इसके हाथ में ली हुई साढ़े तीन लाख से भरी हुई रूपयों की थैली को मंगतुराम उर्फ पवन ने छीन लिया। इसी बीच दुकानदार उम्मेद ने बीच-बचाव कर उसे छुड़वाया तो मंगतुराम उसकी रूपयों से भरी हुई थैली को छीनकर अपनी मोटरसाइकिल लेकर वहां से चला गया। इतने में वहां पर अमीत भी पहुंच गया। उसके ज्यादा चोट लगने के कारण जगदीश व सुरेन्द्र आदि उसे ईलाज हेतु राजगढ़ लेकर गये। जहां से उसे हिसार रैफर कर दिया।

## बालक की तालाब के पानी में डूबने से मौत

**करौली, (निसं)।** करौली सदर थाना क्षेत्र के अकोलपुरा गांव में बारिश के दौरान तालाब में नहाते समय 8 वर्षीय बालक डूब गया। जिससे बालक की मौत हो गई। मृतक बालक कौशल का शव करौली हॉस्पिटल की मोर्चरी में पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बालक स्कूल से घर लौटते समय बारिश में नहाने रुक गया था।

करौली सदर थाना अधिकारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि अकोलपुरा गांव निवासी कौशल पुत्र मगन जागा कक्षा 4 में एक निजी विद्यालय का छात्र था। शुक्रवार को तेज बारिश के कारण स्कूल वाहन नहीं आया। जिसके चलते बालक स्कूल से पैदल अपने घर लौट रहा था। रास्ते में बारिश में दोस्तों के साथ नहाने रुक गया। बाद में उसका साथी घर लौट गया लेकिन छात्र घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने बालक की तलाश की। बालक के नहीं मिलने पर परिजन शनिवार प्रातः करौली सदर थाना पुलिस को भी सूचना दी। सूचना पर सदर थाना पुलिस अकोलपुरा गांव पहुंची और बालक की तलाश की। बालक का शव गांव के तालाब में मिला। मृतक का शव तालाब से निकाल कर करौली हॉस्पिटल की मोर्चरी लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बालक के एक बड़ा भाई भी है जो मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा है।

# चोरों ने एक मकान सहित दो मंदिरों को निशाना बनाया

## चोरों ने तीन लाख की नगदी सहित जेवरात पर हाथ साफ किया

**अजमेर, (कासं)।** शहर में सक्रिय चोर गिरोह ने एक बार फिर एक साथ दो थाना क्षेत्रों में चोरी की तीन वारदातें अंजाम दे डाली। क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र में एक सूने मकान को निशाना बनाकर करीब तीन लाख रुपए की नगदी सहित जेवरात पर हाथ किया तो वहीं सिविल लाइन थाना क्षेत्र में दो मंदिरों को निशाना बनाया। पीड़ित मकान मालिक निजी काम से शहर से बाहर गया हुआ था, पीछे से मकान सूना था। पीड़ित पुलिस में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के वैशाली नगर स्थित शिव सागर कॉलोनी की गली नंबर 5 निवासी तोलाराम लालवानी बाईपास सर्जरी के दिल्ली गए हुए थे। पीछे से मकान सूना था, जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दी। मकान में हुई चोरी की सूचना पड़ोसियों ने जब मकान में संदिग्ध गतिविधि देखी तो उन्होंने तोलाराम के भतीजे सुनील लालवानी को सूचना दी। जब सुनील मौके पर



**पीड़ित परिवार ने चोरी की वारदात की जानकारी दी।**

पहुंचा तो मकान के ताले टूटे पड़े थे और अंदर कमरों में सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने मकान की तलाशी लेकर नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर लिया। लालवानी के भतीजे ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने घर का मौका मुआयना किया। पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित मकान मालिक के अनुसार चोर घर से करीब तीन लाख रुपए की नगदी सहित जेवरात चुरा ले गए है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

**दो मंदिरों के दानपात्र चुराए :-**

- **पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दी, चोरों की तलाश में जुटी पुलिस**

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जयपुर रोड स्थित घूघरा घाटी के पास अज्ञात चोरों ने दो मंदिरों में चोरी की वारदात अंजाम देकर मंदिर में रखे दानपात्र चुरा लिए। चोरी का पता सुबह मंदिर में पूजा करने आने वाले श्रद्धालुओं को लगा तो सिविल लाइन थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची सिविल लाइन थाना पुलिस ने मौका मुआयना किया। मंदिर में पूजा करने आई श्रद्धालु पूजा चौहान ने बताया कि अज्ञात चोरों ने मंदिर के दानपात्र और तांबे के घड़े चुरा लिए। इसी प्रकार पास ही हनुमानजी के मंदिर से भी दानपात्र चुरा ले गए। क्षेत्रवासियों ने बताया कि हनुमान मंदिर में पहले भी चोरी की वारदात हो चुकी है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।